**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट–ट्रेक) नवलगढ़ जिला झुन्झुनू**
**पीठासीन अधिकारी सुशील कुमार सैनी (आर.ए.एस.)**

मुकदमा नम्बर 191/2022 दायर दिनांक–27.09.2022

1. श्रवणी देवी पत्नि स्व0 बोदूराम उर्फ भगवाना
2. सुभाष पुत्र बोदूराम उर्फ भगवाना समस्त जाति मेघवाल निवासी ढेंवा की ढाणी टोंकछिलरी तन चिराना तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनू।

**–वादीगण**

**बनाम**

1. कविता पुत्री बोदूराम उर्फ भगवाना
2. मुन्नी पुत्री बोदूराम उर्फ भगवाना
3. सुरेश कुमार पुत्र बोदूराम उर्फ भगवाना
4. आशा पुत्र सांवरमल
5. एकता पुत्री विनोद कुमार
6. किरण पुत्री विनोद कुमार
7. गोरव पुत्र विनोद कुमार
8. छोटी पुत्री सांवरमल
9. पुनम पुत्री सांवरमल
10. प्रभाती पुत्री सुण्डा
11. प्रहलाद पुत्र गणपतराम
12. पुष्पा पुत्री सांवरमल
13. फूला पुत्र सुण्डा
14. मंगला पुत्र सुण्डा
15. मंजू देवी पत्नि स्व0 सांवरमल
16. मूली देवी पुत्री सुण्डा
17. महेश कुमार पुत्र श्यामलाल
18. महावीर पुत्र गणपतराम
19. मामराज पुत्र गणपतराम
20. रवि कुमार पुत्र विनोद कुमार
21. रामचंद्र पुत्र गणपत राम
22. विजयपाल पुत्र श्यामलाल
23. संजू पुत्र सांवरमल
24. संदीप कुमार पुत्र श्यामलाल
25. सुप्यार देवी पत्नि स्व विनोद जाति मेघवाल निवासी ढेवा की ढाणी टोंकछिलरी तन चिराना तहसील नवलगढ़
26. शाखा प्रबंधक झुंझुनू सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड शाखा नवलगढ़
27. भूमि धारक राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनू।

**–प्रतिवादीगण**

**वकील वादी : – श्री अमर सिंह शेखावत**
**वकील प्रतिवादी :– एकपक्षीय**

Signature Not Verified

Digitally signed by Sushil Kumar Saini
Date: 2025.07.25 13:34:44 IST
Reason: SelfAttested

दावा बाबत घोषणा
रिकॉर्ड दुरूस्ती

ए.सी.ई.एम. (फा.ट्र.)
नवलगढ़

## –:: निर्णय ::–

दिनांक– 21.04.2025

वादी ने एक वाद पत्र इस कदर पेश किया कि ग्राम ढेवा की ढाणी पटवार हल्का टोंकछिलरी की सरहद में स्थित भूमि खाता संख्या नया 99 के भूमि खसरा नम्बर 478 रकबा 1.7900 है0, भूमि खसरा नम्बर 479 रकबा 2.9100 है0 यानि कुल किता 2 कुल रकबा 4.7000 है0 तथा खाता संख्या नया 73 के अंतर्गत भूमि खसरा नम्बर 369 रकबा 0.9600 है0 भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में वादीगण तथा प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 3 के पिता का गलत नाम भगवाना हटाया जाकर बोदूराम किये जाने का आदेश फरमाया जाकर प्रतिवादी संख्या 27 को राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद किये जाने हेतु आदेशित किया जावे।

वादी द्वारा वाद–पत्र पेश होने बाद अवलोकन दर्ज रजिस्टर किया गया तथा तलबी प्रतिवादीगण जारी की गई। प्रतिवादीगण की तलबी सम्यक रूप होने के बाजवूद उपस्थित न्यायालय हाजा नही होने पर इनके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल लाई गई।

प्रतिवादीगण के विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही होने पर प्रकरण में तनकीयात कायम नही की गई। वकील वादी ने शहादत नही पेश करना जाहिर किया। वादी द्वारा अपने वाद–पत्र के समर्थन में निम्न दस्तावेजात नकल जमाबंदी सम्वत 2075–78, फौटो कॉपी आधार कार्ड , फोटो कॉपी पहचान पत्र, पेशंन फॉर्म, राशन कार्ड, बैंक पासबुक आदि पेश किये।

बहस वकील एकपक्षीय सुनी गई। वकील वादी ने वाद पत्र में दर्ज तथ्यों को दोहराया। बहस का मनन किया गया तथा पत्रावली का एवं उपलब्ध दस्तावेजात का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त विवादग्रस्त भूमि वादीगण व प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 3 की पैत्रिक संपति है जिसमें इनके पिता का नाम गलत दर्ज चला आ रहा है जिसे दुरूस्त किया जाना न्यायोचित है।। फलस्वरूप वाद वादी न्यायोचित होने से स्वीकार किया जाता है।

## :: आदेश ::

वाद वादी स्वीकार किया जाता है। वाके राजस्व ग्राम ग्राम ढेवा की ढाणी पटवार हल्का टोंकछिलरी की सरहद में स्थित भूमि खाता संख्या नया 99 के भूमि खसरा नम्बर 478 रकबा 1.7900 है0, भूमि खसरा नम्बर 479 रकबा 2.9100 है0 यानि कुल किता 2 कुल रकबा 4.7000 है0 तथा खाता संख्या नया 73 के अंतर्गत भूमि खसरा नम्बर 369 रकबा 0.9600 है0 भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में वादीगण तथा प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 3 के पिता का नाम भगवाना के स्थान पर बोदूराम दुरूस्त किये जाने का आदेश तहसीलदार नवलगढ़ को दिया जाता है। तहसीलदार नवलगढ़ को तहरीर जारी हो। खर्चा पक्षकरान अपना–अपना वहन करेगे। तदनुसार पर्चा डिक्री जारी हो। निर्णय आज दिनांक 21.04.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

( सुशील कुमार सैनी )
**सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक**
**मजिस्ट्रेट,(फास्ट ट्रेक) नवलगढ़**

Signature Not Verified

Digitally signed by Sushil Kumar Saini
Date: 2025.07.25 13:34:44 IST
Reason: SelfAttested

( ओ 20 रूल्स 6–7 जाप्ता दिवानी )

**अज अदालत सहायक कलक्टर (फास्ट–ट्रेक) नवलगढ़**
**मुकाम बईजलास सुशील कुमार सैनी (आर.ए.एस.)**

**दावा बाबत : घोषणार्थ व रिकॉर्ड दुरूस्ती**

**मुकदमा सं0:– 191/2022**

**( श्रवणी देवी बनाम कविता आदि )**

## अंतिम पर्चा डिक्री

यह मुकदमा आज वास्ते इफिसला कतई रूबरू सुशील कुमार सैनी (आर.ए.एस.), सहायक कलक्टर (फास्ट–ट्रेक) नवलगढ बहाजिरी..वकील वादी मिनजानिब मुद्दई रूबरू मनजानिब मुद्दालय पेश होकर हुक्म दिया जाता है व डिकी दी जाती है।

निर्णय दिनांक 21.04.2025 निर्णय अनुसार वाद वादी स्वीकार किया जाता है। वाके राजस्व ग्राम ग्राम ढेवा की ढाणी पटवार हल्का टोंकछिलरी की सरहद में स्थित भूमि खाता संख्या नया 99 के भूमि खसरा नम्बर 478 रकबा 1.7900 है0, भूमि खसरा नम्बर 479 रकबा 2.9100 है0 यानि कुल किता 2 कुल रकबा 4.7000 है0 तथा खाता संख्या नया 73 के अंतर्गत भूमि खसरा नम्बर 369 रकबा 0.9600 है0 भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में वादीगण तथा प्रतिवादीगण संख्या 1 लगायत 3 के पिता का नाम भगवाना के स्थान पर बोदूराम दुरूस्त किये जाने का आदेश तहसीलदार नवलगढ़ को दिया जाता है। तहसीलदार नवलगढ़ को तहरीर जारी हो। खर्चा पक्षकरान अपना–अपना वहन करेंगे।

बसक्षत मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से आज तारीख 21.04.2025 को जारी की गई।

सुशील कुमार सैनी (R.A.S.)
सहायक कलक्टर (फा.ट्रे.) नवलगढ
**मोहर**

| मुद्दई | रूपया पैसे | मुद्दासलह | रूपये पैसे |
|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा | 04.00 | स्टाम्प अर्जी दावा | 0.00 |
| वकालतनामा स्टाम्प | 02.00 | स्टाम्प वकालतनामा | 0.00 |
| स्टाम्प वजह सबूत | – | स्टाम्प अर्जी | – |
| महनताना वकील | – | महनताना वकील | – |
| खर्चा गवाहान | – | खर्चा गवाहान | – |
| फीस कमिश्नर | – | फीस कमिश्नर | – |
| बाबत इजराय हुक्मनामा | – | बाबत इजराय हुक्मनामा | – |
| मुतफरिक मिजान | 06.00 | मुतफरिक मिजान | 0.00 |
| कुल | 12.00 | | 0.00 |

Signature Not Verified

Digitally signed by Sushil Kumar Saini
Date: 2025.07.25 13:34:44 IST
Reason: SelfAttested